# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Titel Code : RAJHIN27802



सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-127 सागवाड़ा, सोमवार, 9 जनवरी, 2023 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# सहस्त्र बड़ी औदीच्य ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

## 370 से ज्यादा प्रतिभाओ व नवनियुक्त कर्मचारियों का किया सम्मान





**सागवाड़ा।** सहस्त्र बड़ी औदीच्य ब्राह्मण समाज की शिक्षा प्रचार समिति के तत्वाधान में डूंगरपुर बांसवाड़ा जिले की प्रतिभा सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद कॉलेज सागवाड़ा में हुआ। समारोह में डूंगरपुर बांसवाडा के 370 से ज्यादा प्रतिभाओ व नवनियुक्त कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में द्वारिकाधीश गौशाला तलवाड़ा के गो संत श्री रघुवीरदासजी महाराज, मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश डूंगरपुर दलपत सिंह राजपुरोहित, अध्यक्षता उद्योगपति और समाजसेवी भूपेंद्र भट्ट और विशिष्ट अतिथि बांसवाड़ा नगर परिषद के सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी, विप्रो कल्याण बोर्ड के सदस्य मनीष देव जोशी, हेमलता राजपुरोहित, शिक्षा प्रचार समिति डूंगरपुर बांसवाड़ा के अध्यक्ष हेमेंद्र उपाध्याय, हेमंत दादा पाठक, एसीबी उप अधीक्षक डूंगरपुर हेरंब जोशी, मुख्य सलाहकार रमेशचंद्र पंड्या, मुख्य संरक्षक सदस्य जयप्रकाश पंड्या, औदीच्य ब्राह्मण समाज डूंगरपुर के जिला अध्यक्ष तेज प्रकाश जोशी, बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष जितेंद्र पंड्या, पूर्व अध्यक्ष शिक्षा परिषद समिति के जमनालाल भट्ट और जगदीश शुक्ला थे।

हेमंत उपाध्याय, हेमंत दादा पाठक, जमुनालाल, पंकज पंड्या, सुभाष दवे, डॉ पीयुष जोशी, सौरभ पाठक, हेमेंद्र उपाध्याय, योगेश भट्ट खेड़ा, उमाकांत व्यास, प्रदीप उपाध्याय, दिनेश पंड्या, हेमेंद्र भट्ट नंदौड़, कृष्णकांत पंड्या टामटिया, अशोक मेहता नंदौड़, अंबालाल उपाध्याय कतीसोर, जगदीश जोशी गामड़ा, चिराग गामड़ा, जगदीश मेहता सरोदा, तुलजाशंकर भट्ट,



रमेश भट्ट भीलूड़ा, अशोक रावल सागवाड़ा, विनय भट्ट बोरी, सुरेश उपाध्याय बागीदौरा, ललित द्विवेदी तलवाड़ा, जगदीश बोरी, गिरीश उपाध्याय, विष्णु रावल तलवाड़ा, प्रभा शंकर व्यास सरेड़ी, एडवोकेट दीपक जोशी, डॉक्टर हितेश भट्ट, सुरेश मेहता, रोशन मेहता उदयपुर, महासचिव दक्षा बहन बांसवाड़ा और मनोहर जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान डूंगरपुर बांसवाड़ा जिले की 370 से ज्यादा प्रतिभाओं के साथ सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टरों में नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दलपत सिंह राजपुरोहित ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत सम्मान करते आज की प्रतिभाओं को सपरिवार बधाई प्रेषित की उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, मेहनत का कोई विकल्प नहीं है, योजना बद्ध तरीके से अपनी क्षमता के अनुसार टारगेट कर कठिन परिश्रम, धैर्य और कठिन मेहनत ही एकमात्र रास्ता है, जिससे सब कुछ पाया जा सकता है। मिलेगा यह सोचकर मेहनत करेंगे तो आप लग पा सकते हैं।

बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष मनीष दवे जोशी ने अपने उद्बोधन में विप्र कल्याण बोर्ड में स्थान पाने का श्री संस्थान को दिया। उसके प्रति जवाबदारी को अंतर्मन से महसूस करता हूं, उन्होंने समय की आवश्यकता है, अब प्रतिभाओं के प्रतिशत को बढ़ाते हुए बालकों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। क्रिकेट क्षेत्र में सार्थक प्रयास करने का विश्वास दिलाया। संत रघुवीरदासजी महाराज ने इस तरह के आयोजन से समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का हौसला मिलता है, उन्होंने आयोजकों भामाशाह का आभार जताया। संत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदीप भाई आगे आती हैं और अपना परिवार समाज और देश का नाम रोशन करती हैं।

# मानस मंडल का सुंदरकांड पाठ संपन्न

**सागवाड़ा।** मानस मंडल सेवा संस्थान की ओर से संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या का आयोजन वाड़ेल विद्यालय के पास हुआ। प्रारम्भ में गणपति पूजन बालमुकुंद भट्ट व सरस्वती वंदना भरत भट्ट ने की। संगीतमय सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान जितेंद्र कलाल व सुरेश चंद्र भट्ट ने किया। मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने इस पापी युग मे गोमाता का कोई नई रखवाला, जुगल किशोर सोनी ने हुई मतलबी है आज दुनिंया कोई किसी का सगा नहीं, चेतन गोगरोत ने जिसने दी है मुझे पहचान वो है अंजनी का लाला, नकुल गोगरोत ने ये दुनिया है मतलबी की साथी बालाजी बस साथ निभासी, नितीन पंचाल ने है जिंदगी कितनी खूबसूरत जिन्हें अभी ये पता नहीं है सहित कई भजन प्रस्तुत किये। विभिन्न वाद्ययंत्रों पर भूपेश चौहान, रूपेश सुथार, राकेश भावसार, चिराग, बंसीलाल कलाल ने संगत दी। यजमान भाविक अरविंद सेवक परिवार ने आरती उतारी। इस दौरान रोहित सोमपुरा,सुरेश पंड्या, मुकेश सेवक, शंकरलाल सेवक, मोहनलाल सेवक, डायालाल सेवक, अजय सोमपुरा मौजूद थे

# एक ही रात में तीन गांवों में पांच डीपी चोरी

**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव में एक ही रात में चोरों ने पांच ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए वारदात के बाद से बड़ी संख्या में घरों में अंधेरा छाया हुआ है। इन दिनों जिले में ट्रांसफर चोरी की घटनाएं अचानक बढ़ गई है। इससे बिजली डिस्कॉम को काफी ज्यादा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

धंबोला एवीवीएनएल के सहायक अभियंता हर्षद पंचाल ने बताया कि शनिवार रात झलाप गांव में एक, रण भाटिया में 3 व मैदला में एक ट्रांसफर अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। सुबह जब ग्रामीणों से सूचना मिली तो डिस्कॉम की टीमें संबंधित गावों में पहुंची और बिजली बहाली के प्रयास शुरू कर दिए है। इधर डिस्कॉम ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ ट्रांसफार्मर चोरी की तीन अलग अलग एफआईआर धंबोला थाने में दर्ज करवाई गई। आपको बता दे प्रति ट्रांसफार्मर 70 हजार रुपए के हिसाब से करीब साढ़े तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है।

# हडमाला में शिव कथा का भूमि पूजन आज

**सागवाड़ा।** सर्व समाज एवं कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ख्यातनाम शिव कथा मर्मज्ञ गिरि बापू के मुखारविंद से विराट शिव कथा हड़माला गांव में स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजित महादेव भगवान दूधेश्वर दादा की प्रेरणा से हड़माला मोड़ के पास भूमि पर विराट शिव कथा कक लेकर भूमि पूजन सोमवार को होगा। शिव कथा 15 जनवरी से 23 जनवरी तक होगी। गायत्री परिवार के भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि गिरी बापू की दूधेश्व 'महादेव पर शिवकथा पूर्व प्रस्तावित थी जो कोविड के कारण स्थगित करनी पड़ी थी। शिव कथा को लेकर सर्व समाजजन जोर शोर से तैयारियों में जुट गए हैं। विराट शिव कथा के मुख्य यजमान कमलेश सिंह राव होंगे। शिव कथा को लेकर हडमाला ग्रामवासियों में उत्सव का माहौल है। शिवकथा स्थल पर भूमि पूजन की व्यवस्था देखने गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण पंड्या, किशोर भट्ट, वेलचंद पाटीदार, प्रवीण भट्ट, बालकृष्ण पंड्या, पंकज व्यास, धर्मेश पाटीदार, पंकज पाटीदार, कमलेश व्यास, डायालाल पाटीदार पाड़वा, लालशंकर पाटीदार, निलेश जोशी, दीपक जोशी, दीपक मेहता मौजूद रहे।

# भाविप ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किये

**सागवाड़ा।** भारत विकास परिषद की ओर से माणकपुरा एवं इंडस्ट्रीयल एरिया में जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नारायण लाल बनोत, प्रांतीय महासचिव गिरीश सोमपुरा, शाखा सचिव शिवराम मोची, समाजसेवी अनिल वाडेल एवं समाजसेवी डॉ. विमल जैन ने बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया। भारत विकास परिषद की ओर से पूर्व में शिवपुरी में महिलाओं को कंबल वितरण किया था।

# जिले के स्काउट गाइड ने साहसिक गतिविधियों में भाग लिया

**सागवाड़ा।** पाली में 18 वी राष्ट्रीय जंबूरी में जिले के स्काउट गाइड ने साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर डूंगरपुर का नाम रोशन किया। रोवर लीडर ललित यादव स्काउट गाइड ने संतुलन रस्सी, टायर क्रोसिग, दीवार पर चढना, मंकी क्रॉसिग, जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग, रस्सी पर चढना, हैंगिग टायर, बंदर पुल, तीरंदाजी, बास्केट बोल, हवाई बंदूक, पतंगबाजी गतिविधियों में भाग लिया। सर्कल ऑर्गेनाइजेशन स्काउट गाइड जितेन्द्र सिंह भाटी, मधु कुमारी, जिला दल नेता ( जिला शिक्षा अधिकारी) अमृत लाल कलाल, जिला उप दल नेता बसंत लाल रोत के नेतृत्व स्काउट एवं गाइड ने प्रदर्शन किया।

# प्रतिभावान 54 विद्यार्थियों व गुरुजनों को किया सम्मानित

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह

**डूंगरपुर।** जिले के सबसे बडे व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला डूंगरपुर का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आज शहर के विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।

चैम्बर अध्यक्ष के के गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में चैम्बर की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई वही समारोह में 12 वी बोर्ड परीक्षाओं में 93 से 99 प्रतिशत लाने वाले 54 विद्यार्थियो का सम्मान किया गया। चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जैन संघटना उदयपुर के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत रहे। वही समारोह में प्रमुख उद्योगपति व दिगंबर जैन समाज उदयपुर के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत व चैम्बर अध्यक्ष के के गुप्ता सहित जिलेभर के व्यापारी, सम्मानित होने वाले विद्यार्थी व गुरुजन मौजूद रहे। समारोह में चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स की नई जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई वही आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर जिले के प्रतिभावान छात्र छात्राओं व उनके मार्गदर्शक शिक्षकों का सम्मान किया गया । जिसमे 12 बोर्ड परीक्षा में 97 व 99 प्रतिशत अंक लाने वाले दो विद्यार्थियो को ध्रूवतारा सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र व 1100 रूपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। वही 12 वी बोर्ड परीक्षा में 93 फीसदी अंक लाने वाले 52 विद्यार्थी और उन्हें मार्गदर्शन देने वाले उनके 54 गुरुजनों का भी सम्मान किया गया। वही समारोह को अतिथियो ने संबोधित किया। अपने संबोधन में अतिथियो ने सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियो को आगे भी कड़ी मेहनत करते हुए अपने सपने पूरे करने का आव्हान किया गया। इधर समारोह में इंस्पेक्टर राज, टैक्स की प्रक्रिया का सरलीकरण सहित व्यापारियों की अन्य समस्याओ के साथ उनके हितो को लेकर भी चर्चा की गई।

# शादीशुदा युवती बेच देने का आरोप, पति ने सास और साले सहित 9 जनों के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**सीमलवाड़ा।** एक शादीशुदा युवक ने धंबोला पुलिस थाने में सास,साला सहित 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी को बेच दी है। रिपोर्ट में प्रवीण पुत्र प्रकाश रावल निवासी धंबोला ने बताया कि उसकी शादी सागवाड़ा निवासी अंजली रावल से 5 मई 2020 को हुई थी। शादी से पहले गीता पत्नी गटु रावल, अजय पुत्र गटु रावल ने दो लाख रुपए उधार लिए थे। शादी के एक साल बाद सास गीता और साला अजय धंबोला आए और उसकी पत्नी अंजलि को बहला फुसलाकर कर मय जेवरात के साथ ले गए। कुछ दिन में उसे बांसवाड़ा जिला झातला निवासी विकास पुत्र रुघनाथ रावल से भारी भरकम राशि लेकर अंजली को उसे बेच दिया। रिपोर्ट में बताया कि अंजली के साथ सामाजिक रीति रिवाज से शादी ब्याह की थी, फिर तलाक भी नही हुआ कि उसको उसके मां, भाई ने दूसरे सहगियों के साथ मिलकर अंजली को विकास को बेच दिया है। मोटी रकम वसूली गई है। साथ ही प्रार्थी से लिए 2 लाख रुपए, जेवरात भी नहीं लौटाए है। पुलिस ने सागवाड़ा निवासी गीता पत्नी गटु रावल, अजय पुत्र गटु, अंजली पत्नी प्रवीण, जेठाना निवासी कुरनाथ पुत्र रतना, गुट्टी पत्नी शिवनाथ, शिवनाथ पुत्र प्रेमनाथ, रातडिया निवासी दिनेश पुत्र गौतम, विमला पत्नी दिनेश एवं झदला, बांसवाड़ा निवासी विकास पुत्र रघुनाथ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खिलाड़ियों को 'आउट ऑफ टर्न' सरकारी नौकरियां देकर मान बढ़ाया

**जयपुर।** खेल एवं युवा मामलात तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को 56 विभागों में 'आउट ऑफ टर्न' सरकारी नौकरियां देकर उनका मान बढ़ाया है। सीकर जिले ने प्रदेश में सबसे ज्यादा अर्जुन अवॉर्ड खिलाड़ी दिए हैं तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हाल ही में ग्रामीण ओलंपिक खेल संपन्न कराए है, जिसमें 8 से 80 वर्ष तक के 30 लाख लोगों ने इसमें सहभागिता दर्ज करवाई थी। चांदना रविवार को सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के काछवा में 2.50 करोड़ रूपये की लागत से बने खेल स्टेडियम का लोकार्पण करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री चांदना ने कहा कि कोरोना काल के बाद बने नकारात्मक वातावरण को राज्य सरकार ने सकारात्मक माहौल में बदला है। राज्य सरकार ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले को 3 करोड़ रूपये, सिल्वर मेडल जीतने वाले को 2 करोड़ रूपये तथा ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए देकर उनको सम्मानित कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने का कार्य किया है जिससे 50 प्रतिशत से ज्यादा किसानों का विद्युत बिल शून्य आ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे देश में एक मिसाल साबित हो रही है, जिसके तहत आमजन का नि:शुल्क उपचार हो रहा है।

# जैन प्रीमियर लीग का लक्ष्मण मैदान में हुआ आगाज, 8 दिनों तक दिखेगा क्रिकेट का रोमांच

**डूंगरपुर।** जिले में जैन नव युवक मंडल की ओर से शहर के लक्ष्मण मैदान में आईपीएल की तर्ज पर आठ दिवसीय जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) का आगाज हुआ। समाज के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता का आगाज किया। आठ दिनों तक चलने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में समाज की आठ टीम भाग ले रही है। 15 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन होगा। डूंगरपुर शहर के लक्ष्मण मैदान में आज से जैन नव युवक मंडल की ओर से जैन समाज की आठ दिवसीय जैन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। जैन नव युवक



मंडल व जैन समाज के पदाधिकारियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज किया और खिलाडियों से भेट की। वही इस मौके पर आयोजित उदघाटन समारोह को समाज के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। अपने संबोधन में जैन नव युवक मंडल डूंगरपुर के अध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया की आईपील की तर्ज पर आठ दिवसीय जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में सकल जैन समाज की आठ टीम भाग ले रही है। वही ऑक्शन के जरिये ही प्रत्येक टीम में खिलाडियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता का समापन 15 जनवरी को लक्ष्मण मैदान में ही होगा। वही इस मौके पर समाज के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में अतिथियो ने खिलाडियों से खेल को खेल की भावना से खेलने के आव्हान किया। उन्होंने कहा की खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। ऐसे में अतिथियो ने खिलाडियों को खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के अभी आव्हान किया।